**RAJASTHAN HIGH COURT, JODHPUR**

**Competitive Examination for Direct Recruitment to the post of Junior Personal Assistant (Hindi), 2024**

**General Instructions for Candidates & procedure of 'Shorthand Test' and 'Computer Test' (Speed Test & Efficiency Test):**

## अभ्यर्थियों हेतु निर्देश

1. अभ्यर्थी राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट www.hcraj.nic.in पर दिए गए लिंक 'Admission Card' पर क्लिक कर अपनी यूजर आईडी एवं पासवर्ड की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। उक्त डाउनलोड किए गए **प्रवेश पत्र (Admission Card)** को अभ्यर्थी अपने साथ लाएंगे। ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास प्रवेश पत्र नहीं है, उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. प्रवेश पत्र के अतिरिक्त, प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने साथ निम्नांकित लाना अनिवार्य होगाः–
   - (a) स्वयं के फोटो युक्त मूल **(original)** पहचान पत्रों (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/वोटर आई डी कार्ड/पासपोर्ट/पैन कार्ड) में से कोई एक, **जो कि उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में अपलोड किया गया था।**
   - (b) **उपरोक्त पहचान पत्र की फोटो कॉपी।**
   - (c) काला/नीला बॉल प्वाईन्ट पैन, पेंसिल, रबर, शार्पनर (छोटा कटर)।
   - **(d)** हाल ही में खींची हुई **2.5cm X 2.5cm** की अपनी रंगीन फोटो। **अभ्यर्थी वही फोटो लेकर आएंगे जो उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में अपलोड की गई थी।**
3. अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने पहचान पत्र की फोटो प्रति पर अपने रोल नम्बर अंकित करें।
4. अभ्यर्थी अपने साथ 50 मिलीलीटर की सैनिटाईजर बोतल और पानी की पारदर्शी बोतल ला सकेंगे।
5. सभी अभ्यर्थी यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित कर लें कि उनके हाथों पर, विशेषतः अंगूठे पर मेहंदी या कोई ऐसा रंग नहीं लगा होना चाहिए जो उनकी अंगुल छाप (बायोमेट्रिक) लेने की प्रक्रिया को बाधित करता हो।
6. अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय से पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा, देरी से आने पर उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
7. अभ्यर्थी अपने परीक्षा कक्ष की सीट पर अंकित रोल नम्बर को अपने प्रवेश पत्र से सत्यापित **(verify)** कर, उसके लिए निर्धारित सीट पर ही बैठें।

8. <u>परीक्षा केन्द्र / परीक्षा की तिथि एवं शिफ्ट में परिवर्तन के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।</u>
9. कोविड–19 वायरस से सावधानी के तौर पर, अभ्यर्थी किसी तरह का कोई समूह नहीं बनाएंगे एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार सामाजिक दूरी बनाए रखेंगे।
10. लेखन सामग्री, स्टेन्सिल्स आदि का आदान–प्रदान पूर्णतः निषिद्ध है।
11. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने शॉर्टहैण्ड नोटबुक में विनिर्दिष्ट स्थान पर अपना नाम, रोल नम्बर इत्यादि आवश्यक विवरण भर दिए हैं।
12. परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष (लैब) से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
13. परीक्षा में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों के लिए कोई यात्रा भत्ता / भोजन भत्ता देय नहीं होगा।
14. परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेजर अथवा अन्य किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक / संचार उपकरण, स्लाईड रूल, ज्यामितीय बॉक्स, बटुआ, थैला, धारदार **वस्तु** (Sharp Edged Object) आदि वस्तुओं को आदि को सुरक्षित रखने की व्यवस्था न होने के कारण इन वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र के भीतर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राजस्थान उच्च न्यायालय / केन्द्राधीक्षक किसी भी वस्तु के नुकसान / क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
15. अभ्यर्थी, वीक्षक द्वारा सभी शॉर्टहैण्ड नोटबुक एवं दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र एकत्रित कर लिए जाने तक अपनी सीट नहीं छोड़ सकेंगे। सामाजिक दूरी बनाये रखने हेतु, अभ्यर्थियों को एक–एक कर बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी।
16. शॉर्टहैण्ड नोटबुक एवं दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र वीक्षक को सौंपने से पूर्व, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगे कि रोल नम्बर एवं कवर पृष्ठ पर आवश्यक विवरण ठीक से भर दिए गए हैं।
17. अभ्यर्थी जो नोडल अधिकारियों / केन्द्राधीक्षक / वीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों की अवज्ञा करता है या जो असभ्य या अवज्ञाकारी व्यवहार का दोषी पाया जाता है, वह परीक्षा कक्ष / हॉल से तुरन्त निष्कासित किये जाने हेतु उत्तरदायी होगा।
18. इन निर्देशों तथा प्रवेश–पत्र में उल्लिखित निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों को इस परीक्षा एवं राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी परीक्षाओं से विवर्जित कर दिया जाएगा एवं दाण्डिक कार्यवाही के अधीन भी रखा जा सकता है।

# शॉर्टहैण्ड टेस्ट और कम्प्यूटर टेस्ट (गति एवं दक्षता परीक्षा) की प्रक्रिया

1. अभ्यर्थी वीक्षक एवं स्पीकर के माध्यम से दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करेंगे।
2. एक बार परीक्षा कक्ष (लैब) में प्रवेश किए जाने के पश्चात्, परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष (लैब) से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
3. अभ्यर्थी, कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों जैसे की–बोर्ड, मॉनिटर, माउस आदि की जांच कर सकेंगे इस हेतु उन्हें अपने कम्प्यूटर के डेस्कटॉप पर दिखाई दे रहे आईकन "Peripheral Check” पर क्लिक कर, जैसा वे चाहें वैसा टाईप करना होगा। यदि कोई उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहा है तो अभ्यर्थी, वीक्षक से उसे बदलवाने का अनुरोध करेंगे। इस दौरान अभ्यर्थी किसी तरह का शोरगुल नहीं करेंगे एवं धैर्यपूर्वक उक्त उपकरण को ठीक किए जाने/प्रतिस्थापित किए जाने का इन्तजार करेंगे। उपकरणों के ठीक पाए जाने के पश्चात् अभ्यर्थी "Close" बटन पर क्लिक करेंगे।
4. सर्वप्रथम Shorthand Test आयोजित किया जाएगा।
5. फाईनल शॉर्टहैण्ड पैसेज के डिक्टेशन से पूर्व, 200–250 शब्दों का एक ट्रायल पैसेज स्पीकर के माध्यम से अभ्यर्थियों को उसी स्पीड पर डिक्टेट किया जाएगा जिस स्पीड पर फाईनल शॉर्टहैण्ड पैसेज डिक्टेट किया जाना है।
6. अभ्यर्थी, वीक्षक द्वारा निर्देशित किए जाने पर, ट्रायल पैसेज के डिक्टेशन के तुरन्त बाद ट्रांसक्रिप्शन हेतु यूजर आई डी तथा पासवर्ड की सहायता से लॉगिन करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि कम्प्यूटर की स्क्रीन पर उनका सही नाम एवं रोल नम्बर प्रदर्शित हो रहा है। यदि अभ्यर्थी, ट्रायल पैसेज का ट्रांसक्रिप्शन कर, कम्प्यूटर प्रोग्राम से परिचित होना चाहते हैं तो वे ट्रांसक्राईब्ड ट्रायल पैसेज को टाईप कर सकेंगे। इस हेतु 2 मिनट का समय दिया जाएगा। यदि ट्रायल पैसेज का ट्रांसक्रिप्शन किया गया है तो उसे मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी 'स्किप' बटन पर क्लिक कर ट्रायल पैसेज को 'स्किप' कर सकेंगे।
7. ट्रायल पैसेज के ट्रांसक्रिप्शन के पश्चात्, स्पीकर के माध्यम से, गति की एकरूपता को ध्यान में रखते हुए, 8 मिनट की अवधि का फाईनल पैसेज डिक्टेट किया जाएगा। फाईनल पैसेज उद्‌घोषक (announcer) द्वारा "Ready Start" शब्द बोलने के पश्चात् प्रारंभ होगा। उक्त "Ready Start" शब्द को अभ्यर्थी द्वारा शॉर्टहैण्ड नोटबुक में लिखना अथवा कम्प्यूटर पर ट्रांसक्राईब नहीं करना होगा तथा उक्त "Ready Start" शब्द के पश्चात् डिक्टेट किए जाने वाले शब्दों को लिखना/ट्रांसक्राइब करना/टाईप करना होगा। फाईनल पैसेज किसी भी सूरत में दोबारा नहीं चलाया जाएगा।
8. तत्पश्चात् फाईनल पैसेज को पढ़ने के लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा।

9. अभ्यर्थियों को फाईनल पैसेज को कम्प्यूटर पर ट्रांसक्राइब करना होगा जिस हेतु उन्हें 70 मिनट का समय अनुमत होगा।
10. पाँच मिनट का समय समाप्त होते ही 70 मिनट का समय प्रारंभ हो जाएगा एवं प्रत्येक चरण हेतु निर्धारित समय के समाप्त होते ही स्वचालित रूप से बन्द हो जाएगा। समय की समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी टाईप करने में सक्षम नहीं होंगे। कम्प्यूटर की स्क्रीन पर प्रदर्शित टाईमर 'शेष रहे समय' (remaining time) को दिखाएगा। अतएव अभ्यर्थियों को समयावधि का ध्यान रखना होगा।
11. शॉर्टहैण्ड परीक्षा के दौरान **डिलीट, नेविगेशन, स्पैल चैक, ऑटो करेक्ट, कट–कॉपी–पेस्ट एवं राईट क्लिक** फंक्शन जैसे संशोधन टूल्स कम्प्यूटर पर एनेबल नहीं होंगे अतएव अभ्यर्थियों को डिक्टेटेड पैसेज को सावधानी से ट्रांसक्राइब करने की सलाह दी जाती है। 'बैक स्पेस कुंजी' एनेबल्ड रहेगी।
12. निर्धारित समय की समाप्ति के पश्चात् ट्रांसक्राईब्ड पैसेज को सुरक्षित (save) करने के लिए confirm बटन पर click करना होगा।
13. कम्प्यूटर टेस्ट दो चरणों – गति एवं दक्षता परीक्षा के रूप में लिया जाएगा।
14. गति परीक्षा **के लिए अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर स्क्रीन के ऊपरी आधे भाग में दिखाई देने वाले गद्यांश को कम्प्यूटर स्क्रीन में निचले आधे भाग में टाईप करना होगा। अभ्यर्थी तब तक इसे टाईप करें जब तक कि पूरा गद्यांश टाईप नहीं हो जाता इस हेतु गद्यांश की विंडो को नीचे स्क्रॉल किया जा सकेगा। यदि समय भोश बचता है तो गद्यां"ा को आरंभ से दुबारा भी टाइप कर सकते है।**
15. गति परीक्षा की अवधि 10 मिनट होगी। अभ्यर्थी टाईप किए गए टेक्स्ट को पढ़कर कन्फर्मेशन स्क्रीन पर क्लिक करेंगे।
16. **गति परीक्षा के दौरान डिलीट, बैंकस्पेस, नेविगेशन,** स्पैल चैक, ऑटो करेक्ट, कट–कॉपी–पेस्ट एवं राईट क्लिक फंक्शन जैसे संशोधन टूल्स **डिस्एबल्ड रहेंगे, हालांकि** बैंकस्पेस कुंजी का सीमित उपयोग किया जा सकेगा यानि कि किसी भी शब्द को टाईप करते समय बैकस्पेस कुंजी उस शब्द की सीमा तक उपयोग में ली जा सकेगी परन्तु शब्द पूर्ण होने पर जैसे ही स्पेस बार का प्रयोग करेंगे तो बैकस्पेस कुंजी पीछे के किसी भी शब्द के लिये एनेबल्ड नहीं रहेगी। **दक्षता परीक्षा के दौरान कट–कॉपी–पेस्ट फंक्शन तथा राईट क्लिक ऑप्शन के अतिरिक्त सभी कुंजियाँ एनेबल्ड रहेगी। कन्ट्रोल जेड का उपयोग भी किया जा सकेगा।**
17. गति परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात्, 5 मिनट का समय दिया जाएगा तत्पश्चात् 10 मिनट की अवधि की दक्षता परीक्षा प्रारम्भ होगी। 5 मिनट **के दौरान अभ्यर्थियों को वीक्षक द्वारा दक्षता परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र वितरित किये जाएंगे।**

18. दक्षता परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र पर हस्ताक्षर कर प्रश्न–पत्र वीक्षक के पास आवश्यक रूप से जमा करायेंगे। **किसी भी अभ्यर्थी को दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

19. **गति एवं दक्षता परीक्षा की समाप्ति के पश्चात्, अभ्यर्थियों को परफॉर्म किए गए टेक्स्ट को सेव/सुरक्षित करने हेतु कन्फर्मेशन स्क्रीन पर अनिवार्य रूप से क्लिक करना होगा। क्लिक न करने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा किए गए कार्य का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।**

20. अभ्यर्थी, ट्रांसक्रिप्शन एवं टाईपिंग हेतु आवश्यक कुंजियों के अलावा किसी अन्य कुंजी का प्रयोग नहीं करेंगे। किसी अन्य कुंजी का प्रयोग अभ्यर्थी को मुख्य स्क्रीन से बाहर कर सकता है एवं टाईप किए गए पैसेज के नुकसान (loss) हेतु वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को ट्रांसक्रिप्शन जारी रखने के लिए पुनः लॉगिन कर नए सिरे से टाईप करना होगा। सम्पूर्ण परीक्षा का मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा प्रोग्रामेटिक विधि से किया जाएगा अतएव गैर–अनुमत कुंजियों का प्रयोग मूल्यांकन प्रक्रिया को बाधित कर सकता है जिस हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

21. सम्पूर्ण परीक्षा का मूल्यांकन प्रोग्रामेटिक विधि से किया जाता है, अतएव अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे प्रश्न–पत्र में निर्देशित टास्क के अतिरिक्त कोई नया फील्ड इन्सर्ट करने, एन्टर कुंजी को दबाने अथवा कोई अन्य शब्द या कैरेक्टर को इन्सर्ट न करें। ऐसा करने से कम्प्यूटर की डिफॉल्ट सेटिंग में परिवर्तन हो सकता है तथा अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नगत टास्क सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने के पश्चात् भी, उनके उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

22. अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रत्येक चरण की अवधि का सजगता से ध्यान रखना चाहिए क्योंकि प्रत्येक चरण हेतु निर्धारित समय पूरा होने के पश्चात् प्रोग्राम ऑटोमेटिक रूप से स्वतः बन्द हो जाएगा।

*********